भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3086

गुरुवार, 21 दिसम्बर, 2023(30 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

****

<u>सुरक्षा जांच में समय की बचत के लिए तंत्र</u>

3086. श्री बिद्युत बरन महतोः

श्री नारणभाई काछड़ियाः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देशभर के विमानपत्तनों पर सुरक्षा जांच के दौरान यात्रियों के समय की बचत करने के लिए कोई तंत्र अपनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का विमानपत्तनों पर बायोमीट्रिक पहचान जांच प्रणाली शुरू करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)</u>

(क) से (ग) : हवाईअड्डों पर सुरक्षा जांच के दौरान यात्रियों का समय बचाने के लिए, सरकार सुरक्षा उपकरण, सुरक्षा कार्मिकों की संख्या बढ़ाकर और उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके लगातार प्रयास कर रही है। डिजी यात्रा, जो चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी का उपयोग करके बायोमेट्रिक-आधारित यात्रा के माध्यम से हवाईअड्डों पर यात्रियों के लिए निर्बाध और अवरोध मुक्त अनुभव प्रदान करती है, को 13 हवाईअड्डों पर भी लागू किया गया है और अन्य हवाईअड्डों को चरणबद्ध तरीके से कवर किया जाएगा।

****